# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
# ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, समस्तीपुर

पत्रांक 1094 दिनांक 28/05/2021

प्रेषक:— कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, समस्तीपुर।

सेवा में,

घनश्याम राय
ग्राम—कामोपुर, पो0—हांसोपुर
जिला—समस्तीपुर

विषय:— पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य नहीं किए जाने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि इस कार्य प्रमंडल के अन्तर्गत MMGSY योजना के अधीन आपके द्वारा एकरारित कार्य **टी04 से डबहार से जगदीशपुर** पथ जिसकी एकरारनामा सं0 34(SBD) 2018-19 तथा दिनांक 05.06.2018 है, जो पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि में है, का अनुरक्षण कार्य अब तक नहीं कराया गया है जो अत्यन्त खेद का विषय है। विभागीय सचिव महोदय द्वारा प्रत्येक मद की योजना की समीक्षा सप्ताह में कम से कम दो बार की जाती है। वर्षा पूर्व तैयारी के क्रम में सभी योजनाओं का अनुरक्षण कार्य यथा झाड़ी सफाई कल्भर्ट, पुलों के वेन्ट की सफाई, बोर्ड एवं रोड फर्नीचर का पेंट एवं अपडेटिंग, पॉट पैचिंग, फ्लैंक को मरम्मत किया जाना अनिवार्य है। इसके लिए विभाग द्वारा 31.05.2021 की तय सीमा निर्धारित की गई है। इस अवधि के बाद विभागीय जाँच दल गठित किया जायेगा जो स्थल जाँच करेंगे एवं विभाग को प्रतिवेदित करेंगे। पूर्व में भी आपको इस संबंध में कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता द्वारा अनुरोध किया जा चुका है, किन्तु आपके द्वारा निर्देशों का अब तक अनुपालन नहीं किया गया है।

अतः आपको निदेशित किया जाता है कि एकरारित कार्यों का अनुरक्षण कार्य तय समय सीमा के अधीन पूर्ण करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाय अन्यथा आपके एकरारनामा को विखंडित करते हुए काली सूची में डालने की अनुशंसा करना अधोहस्ताक्षरी की बाध्यता होगी।

इसे अंतिम स्मार समझा जाय।

विश्वासभाजन

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, समस्तीपुर

EERWD 2021-351